भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1467
दिनांक 14 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

देश में जन औषधि केंद्रों द्वारा प्राप्त लक्ष्य

1467. श्री नीरज डांगी:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वर्तमान में सस्ती कीमत पर दवा उपलब्ध कराने और ग्रामीण पिछड़े क्षेत्रों सहित स्थापित जन औषधि केंद्रों की राज्यवार स्थिति क्या है;
(ख) देश में विगत तीन वर्षों के अंतर्गत प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के दौरान आवंटित और उपयोग की गई राशि का राजस्थान सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है; और
(ग) देश भर में इस योजना के अंतर्गत तय और प्राप्त किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है, और उस पर क्या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)

(क) औषध विभाग के तत्वावधान में एक सोसायटी भारतीय औषध और चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) द्वारा कार्यान्वित प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत दिनांक 28.02.2023 तक देश भर में लगभग 9182 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इनमें से करीब 651 केंद्र देश के आकांक्षी जिलों में खोले जा चुके हैं। देश भर में खोले गए केंद्रों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार सूची **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

(ख) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत निधियां (रुपए करोड़ में)	उपयोग की गई निधियां (रुपए करोड़ में)
1.	2019-20	35.51	35.51
2.	2020-21	65.00	65.00
3.	2021-22	68.50	68.50

हालांकि, योजना के अंतर्गत **निधि** के आवंटन/उपयोग का कोई राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विभाजन नहीं किया गया है।

(ग) योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को नियमित रूप से से पूरा किया गया है। मार्च, 2022 तक 8,300 केंद्र खोलने के लक्ष्य की तुलना में देश में लगभग 8,608 केंद्र खोले गए। वर्ष 2021-22 के लिए बिक्री का लक्ष्य 625.00 करोड़ रुपये था, जिसकी तुलना में उपलब्धि लगभग 893.56 करोड़ रुपये थी। इसके अतिरिक्त, उत्पाद टोकरी के संबंध में लक्ष्य 1,600 दवाएं और 240 सर्जिकल थे, जिसकी तुलना में मार्च, 2022 तक 1,616 दवाएं और 250 सर्जिकल का लक्ष्य हासिल किया गया था।

समग्र प्रतिक्रिया बहुत अच्छी रही है क्योंकि जन औषधि उत्पादों पर नागरिकों का विश्वास काफी बढ़ा है, जो इन उत्पादों की बिक्री में तेजी से वृद्धि का संकेत है। चालू वित्त वर्ष अर्थात् 2022-23 के दौरान दिनांक 28.02.2023 तक पीएमबीआई ने लगभग 1110.79 करोड़ रुपए की बिक्री की है।

अनुलग्नक-I

'देश में जन औषधि केंद्रों द्वारा प्राप्त लक्ष्यों' के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 14.03.2023 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1467 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण

दिनांक 28.02.2023 तक देश भर में खोले गए पीएमबीजेके की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार सूची		
क्रम संख्या	**राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम**	**खोले गए पीएमबीजेके की संख्या**
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	9
2	आंध्र प्रदेश	146
3	अरुणाचल प्रदेश	29
4	असम	110
5	बिहार	359
6	चंडीगढ़	9
7	छत्तीसगढ	200
8	दिल्ली	387
9	गोवा	11
10	गुजरात	521
11	हरियाणा	232
12	हिमाचल प्रदेश	60
13	जम्मू और कश्मीर	220
14	झारखंड	84
15	कर्नाटक	1050
16	केरल	977

17	लद्दाख	2
18	लक्षद्वीप*	0
19	मध्य प्रदेश	272
20	महाराष्ट्र	640
21	मणिपुर	35
22	मेघालय	16
23	मिजोरम	12
24	नागालैंड	20
25	ओडिशा	399
26	पुदुचेरी	20
27	पंजाब	314
28	राजस्थान	149
29	सिक्किम	4
30	तमिलनाडु	872
31	तेलंगाना	179
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	35
33	त्रिपुरा	25
34	उत्तर प्रदेश	1324
35	उत्तराखंड	223
36	पश्चिम बंगाल	237
कुल योग		**9182**
* दवाओं की आपूर्ति केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के प्रशासन को सीधे की जाती है		

*****